# Denim Developers Limited

Regd. & Corp.Office: C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar
Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota-324003, Rajasthan
CIN: L36101RJ1969PLC076649, Contact No: +91 -73000 -83921
Email Id: info@denim.org.in, Website: www.denimdevelopersltd.com

November 15, 2024

To

The Listing Department
Metropolitan Stock Exchange of India Limited
205(A), 2nd floor, Piramal Agastya Corporate Park
Kamani Junction, LBS Road, Kurla (West),
Mumbai-, 400070, Maharashtra, India

Sub.: Submission of Newspaper publication for Financial Results of Quarter ended 30th September, 2024 in compliance of regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copy of newspaper advertisement with regards to the Financial Results of Quarter ended 30th September, 2024 published in the newspaper namely The Indian Express and Jannayak.

Kindly take the same on records.

Thanking You,
**For Denim Developers Limited**

DENIM DEVELOPERS LIMITED

Ayush

**Ayush Vijay**
**Company Secretary**
**& Compliance Officer**

# लोकसभाध्यक्ष बिरला ने किया योग भवन का लोकार्पण

### पारीक समाज का अन्नकूट सम्पन्न

जननायक संवाददाता

**कोटा।** पारीक पंचायत कोटा अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह किशोरपुरा स्थित पारीक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किशोरपुरा में निर्माणाधीन नवीन इमारत में योग भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किया गया। अध्यक्ष रासबिहारी पारीक ने बताया कि विधायक संदीप शर्मा व ममता तिवाडी अतिरिक्त संभागीय आयुक्त कार्यक्रम विशिष्ट




अतिथि रहे।कार्यक्रम में संरक्षक के के पारीक, राजेंद्र शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, राधा वल्ल्भ शर्मा, रवि पारीक, देवकीनंदन पारीक,शिव गोपाल पारीक, अशोक पारीक, विनोद पारीक,मनोहर पारीक,सुरेश शर्मा,महेश पारीक, कैलाश पारीक आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम उच्च शिक्षा में उत्तीर्ण,विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता व बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत प्राप्त करने वाले समाज के विद्याथिज़ओं व विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कारों वितरण में प्रतिक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहा। महिला अध्यक्ष निर्मला पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में पीएचडी करने पर केशव पारीक,पीएचडी की उपाधि आईआईटी मुम्बई से शिवानी पारीक,सीए सुजाता पारीक,शोध उपाधि पूर्ण करने पर अमन पारीक,अनंत जोशी,युवराज ईशाल तथा वैध रेवती रमण पारीक का शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान होने पर पारीक पंचायत द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# दो दलालों से 14 लाख के 1628 टिकटों का रिकॉर्ड जप्त

### शामगढ़ में आरपीएफ की कार्रवाई

जननायक संवाददाता

**कोटा।** कोटा अपराधा शाखा ने गुरुवार को शामगढ़ में कार्रवाई करते हुए दो टिकट दलालों को गिरफ्तार किया है। इन दलालों के पास से आरपीएफ ने 13 लाख 97 हजार 551 रुपए मूल्य के 1628 ई-टकटों का रिकॉर्ड जप्त किया है। इनमें से एक आरोपी मध्यप्रदेश के मंदसोर जिला के गरोठ थाना क्षेत्र के पिलालिया निवासी श्रवण सिंह





राजपूत (29) है। इसकी शामगढ़ स्थित ई-मित्र की दुकान से आरपीएफ को तीन व्यक्तिगत पहचान-पत्र से अवैध रूप से बनाए 9 लाख 88 हजार 36 रुपए मूल्य के 1137 टिकटों का रिकॉड मिला है। इसी तरह मध्यप्रदेश मंदसौर गरोठ ग्राम खजूरिंदौड़ा निवासी महेंद्र सिंह (27) की दुकान से भी दो व्यक्तिगत यूजर आईडी से बनाए 4 लाख 9 हजार 515 रुपए मूल्य के 491 रुपए का रिकॉड जप्त किया है। बाद में इन दोनों आरोपियों को शामगढ़ आरपीएफ पोस्ट के हवाले कर दिया गया।

# एसजेपीएल सीजन-1 की चैंपियन बनी सेंट जॉन्स इंडियंस

जननायक संवाददाता

**कोटा।** कुन्हाड़ी बूंदी रोड स्थित सेंट जॉन्स स्कूल व मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहे एसजेपीएल सीजन-1 का फाइनल मुकाबला सेंट जॉन्स इंडियंस ने जीत लिया।

मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी के संयोजक अभिमन्यु शर्मा ने बताया कि फाइनल मैच में रॉयल चैलेंजर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडियंस टीम ने विवान सोमानी के 26 रन, युवराज के 19 रन और तनुष के 17 रन की सहायता से 129 रन बनाए तथा रॉयल चैलेंजर की ओर से गेंदबाजी करते हुए आराध्य व्यास, विहान गांधी ने दो-दो विकेट, वंशदीप, हार्दिक ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर टीम 64




रन बना सकी जिसमें आराध्य व्यास ने 19 रन बनाए। इंडियंस टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए आराध्य शर्मा ने 5 विकेट, तनुष, विवान सोमानी, युवराज ने एक-एक विकेट लिया। इंडियंस टीम ने 65 रन से मैच जीतकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में आराध्य शर्मा मैन ऑफ द मैच रहे। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज युग, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज आराध्य शर्मा, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक युग तथा प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आराध्य व्यास रहे।

अभिमन्यु शर्मा ने बताया कि फाइनल मैच के दौरान सेंट जॉन्स स्कूल की डायरेक्टर मसीह, प्रिंसिपल राकेश, संजीव दुबे, दीपक भाटिया, कार्तिक अपूर्वा सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

# राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक बने गौतम

**कोटा।** राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन (रजि.) जयपुर शाखा राजस्थान की कोर कमेटी की बैठक जयपुर स्थित एसोसिएशन मुख्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।प्रदेश महासचिव ललित कुमार प्रजापत ने बताया कि बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सेन की सहमति से प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश विधि सलाहकार पद पर हर्षित गौतम (कोटा) को नियुक्त किया गया। साथ ही प्रदेश संरक्षक दीपक कुमार छंगानी (बीकानेर) को मनोनीत किया गया ।

# रोजगार मेले के पोस्टर का विमोचन

**कोटा।** ब्राह्मण कल्याण परिषद की ओर से 15 दिसम्बर को कोटा में आयोजित रोजगार संगम 2024 के पोस्टर का विमोचन लोकसभा अध्यक्ष के विशेषाधिकारी राजीव दत्ता ने किया। इस दौरान ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी, शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, दिनेश शर्मा, विनीत वाजपेई, भरत शर्मा, दिलीप ओडिच्या, रोहित दाधीच, डॉ. सुरेंद्र सिंह गुर्जर, उत्तम शर्मा, विजय शर्मा, राकेश शर्मा, और गोपाल शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मेले का आयोजन कुन्हाड़ी स्थित चंद्राढ़ाणी में किया जाएगा।

# पेंशनर्स मंच की कार्यकारिणी घोषित

**कोटा।** राजस्थान पेंशनर्स मंच जिला कोटा की गुरुवार को कार्यकारिणी की घोषित की गई है। मंच के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र त्यागी ने बताया कि इस 38 सदस्यीय कार्यकारिणी में यज्ञ दत्त हाड़ा महामंत्री, गिरिराज मिश्रा संयुक्त महामंत्री एवं विधि सलाहकार, नन्द लाल वर्मा कोषाध्यक्ष, शिव गौतम संगठन मंत्री, श्याम मनोहर शर्मा अध्यक्ष उपखंड रामगंजमडी तथा शकुन्तला देवी महिला प्रतिनिधि सहित अन्य को विभिन्न पदों पर चुना गया है।

# कर्मचारी महासंघ ने किया एसडीएम को चांटा मारने का विरोध

जननायक संवाददाता

**कोटा।** राजस्थान राज्य कर्मचारी सयुक्त महासंघ लोकतांत्रिक ने नरेश मीणा द्वारा एसडीएम अमित चौधरी को चांटा मारने का विरोध किया है।

महासंघ के कार्यकारी प्रदेश रामरतन सामरिया ने कहा कि राजस्थान मे लोकतंत्र खुलेआम हत्या हो रही है। इससे तीन दिन पहले अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों को मारने की बात कही थी।

इसके बाद यह कांड सामने आ गया। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। सामरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुनिश्चित करें की ऐसी घटनाएं राजस्थान में दुबारा नहीं हों। साथ ही इस मामले में कठोर कार्रवाई करें, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिमाकत करने की कोशिश नहीं करे।

# एलबीएस में मनाया बाल दिवस




जननायक संवाददाता

**कोटा।** लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में बाल दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ एलबीएस ग्रुप के चेयरमैन कुलदीप माथुर ने दीप प्रज्वलन और पंडित नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद बच्चों ने नेहरू के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। स्कूल के बच्चों ने कविता, नृत्य, गायन, नाटक और भाषण जैसी कई प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के छोटे बच्चों ने नृत्य और गाने के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई, जबकि बड़े बच्चों ने नाटक के माध्यम से नेहरू के आदर्शों और उनके योगदान को प्रदर्शित किया। इस दौरान शिक्षकों ने भी भी बच्चों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाचार्या ने बच्चों को नेहरू के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों का पालन करने की सलाह दी।

### खोया-पाया

3- जी.-22 तलवंडी कोटा का राजस्थान आवासन मण्डल कोटा द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र घर से तलवण्डी चौराहे के बीच रास्ते मे कहीं गिर गया है, जिसकी एफ.आई.आर. दिनांक 14.11.2024 को करा दी गई है जिस किसी को भी यह दस्तावेज प्राप्त होवे,कृपया कर उक्त पते पर श्रीमती सुमन बाला सक्सैना को 10 दिन के अंदर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला खण्ड सांगोद (जिला कोटा)**

क्रमांक- 947 **निविदा सूचना संख्या 14/2024-25** दिनांक-11.11.2024

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क/ भवन कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई- टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी ।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in /tenders.asp व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan. gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

(UBN NO.PWD2425WSOB09513) (UBN NO.PWD2425WSOB09514 )
(UBN NO.PWD2425WSOB09515 ) (UBN NO.PWD2425WSO809516)
(UBN NO.PWD2425WSOB09517)
(UBN NO.PWD2425WSOB09518)
(UBN NO.PWD2425WSOB09519)
(UBN NO.PWD2425WSOB09520 )
(UBN NO.PWD2425WSOB09521) DIPR/C11220/2024

(दिनेश कुमार धाकड़)
अधिशाषी अभियन्ता
सा नि वि जिला खण्ड सांगोद

**राजस्थान आवासन मंडल कोटा वृत्त, कोटा**

क्रमांकः 4147 दिनांकः 11.11.2024

**जाहिर आम सूचना**

आवास संख्या 3-एम-60 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती चंद्रसेना बाई पत्नी श्री नारायण सिह को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री राजसिंह पुत्र श्री अमर सिंह के नाम दि. 30.03.2002 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री राजसिंह पुत्र श्री अमर सिंह के नाम दि. 31.03.2002 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्री राजसिंह पुत्र श्री अमर सिंह द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिय विक्रय पत्र आलेखित कर दि. 21.10.2013 को श्रीमती रितु सोनी पत्नी श्री कमलेश सोनी को किया गया। श्रीमती रितु सोनी पत्नी श्री कमलेश सोनी का नाम दि. 11.09.2023 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्रीमती रितु सोनी पत्नी श्री कमलेश सोनी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिए विक्रय पत्र आलेखित कर दि. 22.09.2023 को श्री रिंकू गौत्तम पुत्र श्री भगवती प्रसाद गौतम को किया गया। श्री रिंकू गौत्तम पुत्र श्री भगवती प्रसाद गौत्तम द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास सं. 3-एम-60 महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख मे दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री रिंकू गौतम पुत्र श्री भगवती प्रसाद गौत्तम का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/ व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री रिंकू गौत्तम पुत्र श्री भगवती प्रसाद गौत्तम का नाम दर्ज किए जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री रिंकू गौतम पुत्र श्री भगवती प्रसाद गौतम के नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

-उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल, कोटा वृत्त कोटा

## आज का राशिफल

**मेष** — चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ
आज आपको वरिष्ठ लोगों के माध्यम से कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। युवा वर्ग भी गंभीरता से जीवन के मूल्यों को समझेंगे और अमल भी करेंगे।

**वृषभ** — ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो
किसी भी विषम परिस्थिति में धैर्य और संयम से की गई मेहनत आपको उन्नति की ओर अग्रसर करेगी आपकी विचार शैली में भी उचित परिवर्तन आएगा।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ङ छ, के, को, हा
किसी भी असफलता से घबराने की बजाय अपना परिश्रम बढाए, जल्दी ही लक्ष्य तक पहुंचने में सहायता मिलेगी और स्वयं को काफी हल्का-फुल्का और ऊर्जा युक्त महसूस करेंगे।

**कर्क** — ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो
पिछले कुछ समय से चल रही अस्त व्यस्त परिस्थितियां कुछ सामान्य होगी। संतान की पढ़ाई या विवाह से संबंधित कुछ सकारात्मक बातें भी होंगी।

**सिंह** — मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे
आज मनपसंद कार्य करने का दिन है। समय को इंजॉय करें कुछ नजदीकी लोगों के साथ मिलने से मन में प्रसन्नता रहेगी तथा किसी खास मुद्दे पर वार्तालाप भी होगा।

**कन्या** — टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो
आप अपने संतुलित व्यवहार द्वारा शुभ-अशुभ दोनों पक्षों में उचित तालमेल बनाकर रखेंगे किसी नजदीकी मित्र की सलाह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगी।

**तुला** — रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते
ग्रह स्थिति बहुत अनुकूल है। समय का सदुपयोग करें। दिन खासतौर पर महिलाओं के लिए बहुत अनुकूल है कामों को लेकर सजग होंगे तो सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू
धन संबंधी कोई नया रास्ता बनेगा। सोसायटी अथवा सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा स्वभाव में भी बदलाव लाना आपकी दिनचर्या में भी नयापन लाएगा।

**धनु** — ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ड़ा
दिन सुखद व्यतीत होगा। घर के किसी सदस्य की उपलब्धि से गौरवान्वित महसूस करेंगे। कुछ नई जानकारियां भी मिलेंगी, जो कि भविष्य में लाभदायक साबित होगी।

**मकर** — भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी
आज आपका कोई कार्य सिद्ध होने वाला है, इसलिए भरपूर मेहनत करें। आध्यात्मिक तथा धार्मिक गतिविधियों में समय व्यतीत करने से आत्मिक शांति महसूस होगी।

**कुंभ** — गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
रिस्की कामों पर फोकस न करने से आप कई समस्याओं से बच जाएंगे किसी भी विषम परिस्थिति में आपका आत्मविश्वास बनाकर रखना आपके विघ्नों को दूर करेगा।

**मीन** — दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
दिन खुशियों से भरा रहेगा। संतान का मार्गदर्शन करना किसी सामाजिक गतिविधियों में भी आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे आपको अपनी किसी काबिलियत की वजह से भरपूर मान सम्मान मिलेगा।

## खेल समाचार

# भारत ने महिला हॉकी में थाईलैंड को 13-0 से हराया

राजगीर (बिहार)

भारतीय महिला हॉकी टीम ने बृहस्पतिवार को यहां थाईलैंड को एकतरफा मुकाबले में 13-0 से हराकर महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

भारत के लिए दीपिका (तीसरे, 19वें, 43वें, 45वें और 45वें मिनट) ने पांच गोल दागे जबकि प्रीति दुबे (नौवें और 40वें मिनट), लालरेमसियामी (12वें और 56वें मिनट) और मनीषा चौहान (55वें




और 58वें मिनट) ने दो-दो गोल किए। ब्युटी डुंग डुंग (30वें मिनट) और नवनीत कौर (53वें मिनट) के खाते में भी एक-एक गोल रहा।

भारत ने इससे पहले मलेशिया को 4-0 से हराया था जबकि करीबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 3-2 से शिकस्त दी थी।

भारत अपना अगला मैच शनिवार को ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के खिलाफ खेलेगा।

दिन के अन्य मुकाबलों में मलेशिया ने कोरिया को 2-1 से हराया जबकि चीन ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए जापान को इसी अंतर से मात दी।

# भारत की नजरें श्रृंखला जीतने पर, फोकस रिंकू के फॉर्म और बल्लेबाजी क्रम पर

जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिये रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है। भारत फिलहाल श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन 3-1 से जीतने के लिये बल्लेबाजों पर महती जिम्मेदारी होगी।

भारत के लिये वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 श्रृंखला में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी।

सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था। टी20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का




सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। भारत में अगला टी20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का पूरा समय है। स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती।

मौजूदा श्रृंखला में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचले क्रम पर उतरने से 11, 9 या आठरन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिये उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद। एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन जब संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर और तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं तो रिंकू को हार्दिक पंड्या से पहले उतारना कठिन है। टीम प्रबंधन को इस मसले का तुरंत हल निकालना होगा।

### मध्य प्रदेश के खिलाफ शमी के चार विकेट, हरियाणा के लिए अंशुल चमके

**इंदौर।** भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार विकेट झटककर लंबे समय बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की जिससे बंगाल ने बृहस्पतिवार को यहां होलकर स्टेडियम में ग्रुप सी रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन मध्य प्रदेश को 167 रन पर समेट दिया।चोट से उबरने के बाद करीब एक साल बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेल रहे शमी ने शुरूआती दिन पहले 10 ओवर में एक भी विकेट नहीं लिया और धीमी शुरूआत की। लेकिन मध्य प्रदेश की पारी के अंत में उन्होंने लय हासिल की और 19 ओवर में 54 रन देकर चार विकेट झटके जिसकी मदद से बंगाल ने पहली पारी की बढ़त हासिल की। सूरज संधू जायसवाल (35 रन देकर दो विकेट) और मोहम्मद कैफ (41 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकेट प्राप्त किये।

**Denim Developers Limited**

Regd. Office: : C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota-324003, Rajasthan

CIN: L36101RJ1969PLC076649, Email: info@denim.org.in, Mob:- +91-73000-83921

Extract of Consolidated Un-Audited Financial Results for the quarter and half year ended as on 30th September, 2024 (Rs.in Lakhs)

| S. NO. | Particulars | Quarter ended 30.09.2024 (Un-audited) | Quarter ended 30.09.2023 (Un-audited) | Six Months ended 30.09.2024 (Un-audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 640.37 | 2,539.55 | 2,354.78 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary items) | 231.45 | 259.97 | 736.04 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 231.45 | 259.97 | 736.04 |
| 4. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 173.42 | 160.18 | 555.76 |
| 5. | Total Comprehensive income for the period [Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 193.96 | 484.61 | 523.79 |
| 6. | Equity share capital (face value Rs.10/- each) | 1,061.42 | 1,061.42 | 1,061.42 |
| 7. | Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year i.e. 31.03.2024 | 11,283.39 | | 11,283.39 |
| 8. | Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations) (of Rs.10/- each) Basic & diluted | 1.83 | 4.57 | 4.93 |

Key Number of Standalone Financial Results

| S. NO. | Particulars | Quarter ended 30.09.2024 (Un-audited) | Quarter ended 30.09.2023 (Un-audited) | Six Months ended 30.09.2024 (Un-audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 548.19 | 566.79 | 1,400.89 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) for the period before tax | 243.51 | 290.20 | 742.52 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax | 183.15 | 217.54 | 562.06 |

1. The above is an extract of the detailed format of Un-audited Consolidated Financial Results for the quarter and half year ended on September 30, 2024 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the said Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the company at www.msei.in and www.denimdevelopersltd.com
2. The above financial results of the Company are reviewed and recommended by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors at their respective meetings held on November 14, 2024. The Statutory Auditors have carried out a limited review of these financial results.
3. Previous year figure have been regroup/ rearrange wherever necessary.

Place: Kota
Date : November 15, 2024

For Denim Developers Limited
Sd/- Rajesh Kumar Patil
Whole - time Director & Chief Financial Officer(DIN: 02333360)

